पूना नार्कोम अभियान

drishtiias.com/hindi/printpdf/poona-narkom-campaign

चर्चा में क्यों?

9 अगस्त, 2021 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सुकमा ज़िला पुलिस द्वारा 'पूना नार्कोम अभियान' की शुरुआत की गई।

प्रमुख बिंदु

- इस अभियान के तहत ज़िला मुख्यालय सहित ज़िले के विभिन्न जगहों में ग्रामीण अंचलों के आदिवासी ग्रामीणों के लिये ज़िला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेडिकल कैंप लगाया गया।
- इसके साथ ही ग्रामीणों को दैनिक उपयोगी सामग्रियों का वितरण भी किया गया।
- इस अभियान के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार के साथ शासन की नीतियों के प्रति जागरुकता लाने की दिशा में काम किया जाएगा।
- पूना नार्कोम अभियान के तहत सुकमा पुलिस द्वारा रोज़गार के क्षेत्र में युवाओं को जागरुक किया जाएगा एवं उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।